प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 06.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेन्ट समिट के तहत हुए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए आज समीक्षा बैठक करेंगे।
- प्रदेश में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार करेंगे– इन्फ्लुएंसर्स के लिए नव प्रसारक नीति जारी।
- सिखों के दसवें गुरू और खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिंद सिंह की जयंती पर विशेष आयोजन।
- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में गिरावट–कई स्थानों पर घने कोहरे का असर।

.......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए समीक्षा बैठक करेंगे। श्री शर्मा बैठक में कृषि, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग, स्वास्थ्य, खनन, पर्यटन और नगरीय विकास और आवासन विभाग के 124 एमओयू के क्रियान्वयन के बारे में विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि पिछले साल 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित हुई राइजिंग राजस्थान समिट के तहत कुल 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए थे। इसके बाद इन एमओयू के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने त्रि–स्तरीय समीक्षा व्यवस्था की पहल की थी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हो रही है।

.......................

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल अलवर के ठेकडा गांव में वन रक्षक पासिंग आउट परेड में शिरकत की। उन्होंने परेड की सलामी ली और उत्कर्ष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वन रक्षक होना प्रकृति के ट्रस्टी के रूप में काम करने का बेहतर अवसर है। उन्होंने कहा कि वन रक्षक वन्य जीवों की सुरक्षा और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

.......................

जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने जनजाति क्षेत्र के विकास की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। श्री खराडी कल भीलवाडा जिले में नवगृह आश्रम आ निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने आश्रम की गतिविधियों और पारम्परिक चिकित्सा पद्धति से उपचार की प्रकिया की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर श्री खराडी ने कहा कि जनजाति क्षेत्र के विकास और शिक्षा के प्रसार के लिए सभी प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि चुनिंदा जनजाति छात्र–छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध करवाई जायेगी।

.......................

राज्य सरकार ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए नव प्रसारक नीति जारी की है। इसके अनुसार सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स सरकार की कल्याणकारी योजनओं और कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार करेंगे और उन्हें जनजन तक पंहुचायेंगे। सूचना और जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी इस नीति में दो श्रेणियां बनाई गई है।

.....

.......................

भीलवाड़ा की हमीरगढ़ हवाई पट्टी को विकसित करते हुए फ्लाइंग स्कूल खोला जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाइंग स्कूल के खुलने से युवाओं को प्रदेश में ही फ्लाइंग ट्रेनिंग के अवसर मिलेंगे। प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा में भी फ्लाइंग स्कूल खोलने के लिए राज्य सरकार कोशिश कर रही है। इस बारे में निवेशक रूचि दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में घरेलू विमानन बाजार लगातार विकसित हो रहा है। केन्द्र सरकार की विमानन क्षेत्र के लिए शुरू की गई उड़ान योजना से घरेलू यात्रियों की संख्या में बढोतरी हुई है। प्रदेश में विमानन क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का विकास और क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार के लिए राज्य सरकार भी महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

.......................

सिखों के दसवें गुरू और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह की आज जयंती है। प्रकाश पर्व के इस मौके पर विशेष आयोजन हो रहे है। गुरूद्वारों में विशेष रोशनी तथा सजावट की गई है। गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ, अरदास और रागी जत्थों के शबद कीर्तन के बीच श्रद्धालु देश की खुशहाली की कामना कर रहे है। इस मौके पर गुरुद्वारों में सुबह से देर रात तक अटूट लंगर का सिलसिला जारी रहेगा। राजधानी जयपुर में मुख्य आयोजन राजापार्क गुरूद्वारे में हो रहा है। इसके अलावा हीदा की मोरी, जवाहरनगर, कंवर नगर सहित अन्य गुरूद्वारों में भी उत्साह से प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। सीकर में प्रकाश उत्सव की पूर्व संध्या पर हुए नगर कीर्तन में गतका अखाडो ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। सवाईमाधोपुर, करौली भरतपुर, पाली और करौली में इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। हनुमानगढ से हमारी संवाददाता ने बताया कि गुरू गोबिन्द सिंह जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है।

.......................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री ने गुरू गोबिन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने लोगों से गुरू गोबिन्द सिंह जी के जीवन मूल्यों प्रेम, करूणा, एकता और समानता की सीख को अपनाने का आग्रह किया है।

.......................

प्रदेश में मौसम के उतार चढाव का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर मौसम में अचानक बदलाव देखा गया और दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। करौली, भरतपुर और सवाईमाधोपुर सहित कई स्थानों पर कोहरा छाया हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले दो दिनों तक कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने के आसार है।

.......................